संसद सदस्यों ने लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; संसदीय कार्य मंत्रालय तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री विजय गोयल; पूर्व उप प्रधानमंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लालकृष्ण आडवाणी और विभागों से सम्बद्ध मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सभापति, डॉ सत्यनारायण जटिया के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों तथा लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव सहित अन्य विशिष्टजनों ने भी लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लाला लाजपत राय के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

लाला लाजपत राय के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 17 नवम्बर, 1956 को किया था।